## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 05.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में किया गया जागरुक-





शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान "मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान" चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 05.12.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कालेज/बीट/गांव आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला एवं चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा "मिशन शक्ति फेज-05" के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 05.12.2024**

**मीडिया सेल, महोबा**

**◈ पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद में कानून एवं शाति व्यवस्था को बनाये रखने हेतु थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत प्रमुख धार्मिक स्थलों का भ्रमण/निरीक्षण किया गया।**

**◈ धर्मगुरुओं/संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद कर सभी को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी।**

**◈ धार्मिक स्थलों पर तैनात पुलिसबल व पोस्टर पार्टियों को ब्रीफ किया गया।**

आज दिनांक 05.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था, मा0 न्यायालय के निर्देशानुसार लाउडस्पीकरों की ध्वनि सीमा को मानक के अनुरुप बनाये रखने हेतु पुलिस अधिकारियों के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत संवेदनशील स्थानों, मिश्रित आबादी वाली जगहों तथा प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पैदल गस्त कर भ्रमण /निरीक्षण किया गया।

इस दौरान रवानाशुदा पोस्टर पार्टियों व धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों को भली-भंति ब्रीफ कर निरन्तर सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये एवं सुबह की सैर करने वाले स्थानीय लोगों से संवाद कर सुरक्षा का एहसास दिलाया गया व आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुये आमजनमानस को आश्वस्त कराया गया कि जनपद महोबा पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह, प्र0नि0 कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

**Foot patrolling to maintain law & order**



@MahobaPolice

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.12.2024

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 04.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महोबकंठ गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त बाबूलाल पुत्र स्व0 भरुआ अहिरवार निवासी ग्राम घुटई थाना महोबकंठ जनपद महोबा जिसके कब्जे से एक बोरी में 20 अदद पाउच 200 ML देशी शराब झूम ब्राण्ड नाजायज बरामद करते हुए ग्राम घुटई के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 214/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

बाबूलाल पुत्र स्व0 भरुआ अहिरवार निवासी ग्राम घुटई थाना महोबकंठ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 राजेश कुमार
2. का0 अमित कुशवाहा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के देवेन्द्र कुमार ओझा द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 543/24 धारा 137(2)/87/64(1) BNS व धारा 5/6 पाक्सो एक्ट थाना कोतवाली नगर महोबा से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त प्रमोद पुत्र सन्तोष उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम गौरहारी थाना चरखारी महोबा को रेलवे स्टेशन महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. प्रमोद पुत्र सन्तोष उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम गौरहारी थाना चरखारी महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा चौकी प्रभारी सुभाष थाना कोतवाली नगर महोबा
2. कां0 उपेन्द्र प्रताप सिंह थाना कोतवाली नगर महोबा
3. म0कां0 हनी सिंह थाना कोतवाली नगर महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत भारी पुलिस बल के साथ पैदल गस्त/एरियाडोमिनेशन किया गया।

आज दिनांकः- **05.12.2024** को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा जनपद में सुदृढ़ सुरक्षा एवं बेहतर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखे जाने के उद्देश्य से थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन महोबा एवं शहर के व्यस्ततम स्थलों क्रमशः तहसील चौराहा, आल्हा चौक, ऊदल चौक इत्यादि स्थलों में भारी पुलिस बल के साथ संवेदनशील स्थानों, मिश्रित आबादी वाली जगहों तथा प्रमुख कस्बों/बाजारों एवं प्रमुख धार्मिक स्थलों में फ्लैग मार्च कर एरियाडोमिनेशन किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थानीय लोगों से संवाद कर सुरक्षा का एहसास दिलाया गया। साथ ही स्थानीय लोगों को आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरन्त स्थानीय पुलिस प्रशासन को देने की अपील की गई।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी श्री राम प्रकाश, प्र0नि0 कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह, सहित थाना कोतवाली नगर महोबा में तैनात अन्य अधिकाकरी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहा।







